भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या– 2094**
दिनांक 12.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**विदेशों में भारत द्वारा समर्थित परियोजनाएं**

2094. **श्री बलराम नाइक पोरिकाः**
**श्री जी. एम. हरीश बालयोगीः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रस्तावित, निर्माणाधीन और वर्तमान में कार्यरत अवसंरचना परियोजनाओं का वर्ष-वार और देश-वार ब्यौरा क्या है और उनके उद्देश्य तथा चल रहे कार्यों को पूरा करने की अनंतिम समय-सीमा क्या है;

(ख) विभित्र द्विपक्षीय और क्षेत्रीय सहयोग ढांचे के अंतर्गत पड़ोसी देशों में भारत द्वारा वित्तपोषित अथवा सहायता प्राप्त प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान वितीय प्रतिबद्धताओं, संवितरणों और हुई प्रगति का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान इन अवसंरचना परियोजनाओं के लिए देश-वार और परियोजना-वार कितनी-कितनी धनराशि आवंटित, जारी और उपयोग की गई है;

(घ) क्या इनमें किसी विलंब, लागत में वृद्धि अथवा कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियों की सूचना मिली है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और उनकी प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(च) इन क्षेत्रों में सृजित रोजगार, सहायताप्राप्त राजस्व अथवा आर्थिक कार्यकलापों का ब्यौरा क्या है और भारत की विकास भागीदारी पहलों के बारे में जनता की समग्र धारणा क्या है?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**[ श्री कीर्तवर्धन सिंह ]**

(क से च): विकास सहयोग भारत के साझेदार देशों के साथ संबंधों का एक महत्वपूर्ण घटक रहा है। वैश्विक दक्षिण के साथ अपने संबंधों के अंतर्गत, भारत ने भारत सरकार द्वारा समर्थित ऋण सहायताओं, रियायती वित्त योजना और सहायता अनुदान के माध्यम से कई विकास परियोजनाएं शुरू की हैं। इन परियोजनाओं में जल, विद्युत, रेलवे, सड़क, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा आदि जैसे विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। इनमें से बड़ी संख्या में परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं; शेष परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

ऋण सहायता, रियायती वित्त योजना और सहायता अनुदान के माध्यम से वित्तपोषित प्रमुख विकास परियोजनाओं का विवरण क्रमशः अनुबंध -I, अनुबंध -II और अनुबंध -III में दिया गया है।

पिछले 5 वर्षों में विभिन्न साझेदार देशों को भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए सहायता बजट का विवरण अनुबंध-IV में देखा जा सकता है।

परियोजनाओं की समयसीमा मेजबान सरकारों के साथ परामर्श और स्थानीय स्थिति के आधार पर तय की जाती है। मेजबान सरकारों के साथ घनिष्ठ परामर्श से परियोजनाओं को शीघ्रता से लागू करने का हर संभव प्रयास किया जाता है। सभी हितधारकों के साथ नियमित परियोजना समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं।

भारत की विकास साझेदारी परामर्श और मांग-आधारित मॉडल पर आधारित है, जो साझेदार देशों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करती है। इन परियोजनाओं ने इन देशों की सामाजिक और आर्थिक अवसंरचना पर सकारात्मक प्रभाव डाला है और उन्हें विकास की राह पर आगे बढ़ने में सक्षम बनाया है। इनमें से कई परियोजनाएं 'मेक-इन-इंडिया' पहल को बढ़ावा देने में भी सहायक रही हैं और इन्होंने भारतीय उद्योग को वैश्विक स्तर पर ले जाने की प्रक्रिया को सुगम बनाया है।

अनुबंध- **I**

**भारत सरकार द्वारा समर्थित ऋण सहायताओं के तहत वित्तपोषित कुछ प्रमुख अवसंरचना परियोजनाएं निम्नलिखित हैं:**

| क्रं सं. | देश | परियोजना का नाम | कार्यान्वयन चरण |
|---|---|---|---|
| 1. | बांग्लादेश | रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र की बिजली निकासी सुविधाओं के लिए अवसंरचना का विकास | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 2. | बांग्लादेश | खुलना-मोंगला बंदरगाह रेल लाइन परियोजना | पूर्ण। |
| 3. | कांगो आर. | ग्रीनफील्ड 600 टीपीडी क्षमता वाले रोटरी किन सीमेंट संयंत्र परियोजना की स्थापना | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 4. | बुरुण्डी | काबू में 20 मेगावाट जलविद्युत परियोजना | पूर्ण। |
| 5. | कैमरून | कसावा वृक्षारोपण परियोजना | पूर्ण। |
| 6. | गुयाना | ईस्ट बैंक-ईस्ट कोस्ट रोड लिंकेज परियोजना- चरण I | पूर्ण। |
| 7. | केन्या | विद्युत पारेषण लाइनें और सबस्टेशन परियोजना | पूर्ण। |
| 8. | मालदीव | अड्डू शहर विकास परियोजना [पुनर्ग्रहण और सड़क कार्य] | पूर्ण। |
| 9. | मालदीव | हनीमाधू अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | पूर्ण। |
| 10. | मालदीव | गण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 11. | मालदीव | ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना (लाइन्स ऑफ़ क्रेडिट और ग्रांट-इन-एड दोनों से वित्तपोषित) | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 12. | मालदीव | मालदीव में जल और सीवरेज क्षेत्र की परियोजनाएं | पूर्ण। |
| 13. | मॉरीशस | फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 14. | मॉरीशस | मेट्रो एक्सप्रेस प्रोजेक्ट (फेज I, II और III) ((ऋण सहायता और अनुदान सहायता दोनों के माध्यम से वित्त पोषित) | पूर्ण। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15. | मंगोलिया | कच्चे तेल रिफाइनरी परियोजना का निर्माण | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 16. | म्यांमार | ट्रांसमिशन लाइन और सबस्टेशन परियोजना | पूर्ण। |
| 17. | नेपाल | नेपाल में कालीगंडकी कॉरिडोर, गैडाकोट-रामपुर-पीपलडांडा सड़क परियोजना का उन्नयन/सुधार | पूर्ण। |
| 18. | नेपाल | हाउसिंग प्रोजेक्ट - तीसरी किश्त | पूर्ण। |
| 19. | नेपाल | कोशी कॉरिडोर ट्रांसमिशन लाइन परियोजना | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 20. | श्रीलंका | माहो-अनुरादपुरा-ओमनथाई रेलवे ट्रैक का उन्नयन | पूर्ण। |
| 21. | तंजानिया | लेक विक्टोरिया पाइपलाइन का ताबोरा, इगुंगा और न्ज़ेगा तक विस्तार | पूर्ण। |
| 22. | तंजानिया | ज़ांज़ीबार, तंजानिया में पानी सप्लाई स्कीम के रिहैबिलिटेशन और सुधार से जुड़े कार्यों का निर्माण और एग्ज़िक्यूशन | पूर्ण। |
| 23. | तंजानिया | तंजानिया मेनलैंड के अलग-अलग शहरों में पानी सप्लाई स्कीम का निर्माण | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 24. | टोगो | 161 केवी पावर ट्रांसमिशन लाइन और संबंधित सबस्टेशन | पूर्ण। |
| 25. | ज़िम्बाब्वे | डेका पंपिंग स्टेशन और नदी जल अंतर्ग्रहण प्रणाली का उन्नयन | पूर्ण। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | अनुबंध- **II** |
| **रियायती वित्त योजना (सीएफएस) के तहत वित्तपोषित प्रमुख परियोजना** | | | |
| क्र.सं. | देश | परियोजना का नाम | कार्यान्वयन चरण |
| 1 | बांग्लादेश | 2 x 660 मेगावाट मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट | पूर्ण। |

अनुबंध- **III**

**सहायता अनुदान के तहत वित्तपोषित कुछ प्रमुख अवसंरचना परियोजनाएं**

| क्रं.सं. | देश | परियोजना का नाम | कार्यान्वयन चरण |
|---|---|---|---|
| 1. | बांग्लादेश | अखौरा-अगरतला रेलवे लिंक | पूर्ण। |
| 2. | बांग्लादेश | भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन | पूर्ण। |
| 3. | भूटान | पुनात्सांगछु-I एचईपी | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 4. | भूटान | पुनात्सांगछू-II एचईपी | सभी छह यूनिट चालू हो गईं |
| 5. | भूटान | मंगदेछ्छू एचईपी | पूर्ण। |
| 6. | नेपाल | मोतिहारी अमलेखगंज पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन | पूर्ण। |
| 7. | नेपाल | मोतिहारी अमलेखगंज पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन चरण II | पूर्ण। |
| 8. | नेपाल | राष्ट्रीय पुलिस अकादमी | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 9. | नेपाल | इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट, बीरगंज, नेपाल | पूर्ण। |
| 10. | नेपाल | इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट, भैरहवा, नेपाल | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 11. | नेपाल | इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट, नेपालगंज, नेपाल | पूर्ण। |
| 12. | नेपाल | इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट, विराटनगर, नेपाल | पूर्ण। |
| 13. | नेपाल | इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट, दोधाराचांदनी, नेपाल | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 14. | नेपाल | तराई सड़क परियोजना | पूर्ण। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15. | नेपाल | जयनगर-बरदीबास क्रॉस बॉर्डर रेल लिंक | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 16. | नेपाल | जोगबनी-विराटनगर क्रॉस बॉर्डर रेल लिंक | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 17. | नेपाल | नेपाल भारत मैत्री पॉलिटेक्निक संस्थान, हेटौडा | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 18. | मालदीव | मालदीव में पुलिसिंग और कानून प्रवर्तन के लिए राष्ट्रीय कॉलेज (एनसीपीएलई) | पूर्ण। |
| 19. | मॉरीशस | सिविल सेवा कॉलेज (निर्माण) | पूर्ण। |
| 20. | मॉरीशस | मॉरीशस में चिकित्सा क्लीनिक | पूर्ण। |
| 21. | म्यांमार | कलादान मल्टी मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 22. | म्यांमार | म्यांमार सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एमआईआईटी) | पूर्ण। |
| 23. | म्यांमार | भारत म्यांमार आईटी कौशल संवर्धन केंद्र (आइएमसीईआईटीएस) | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 24. | म्यांमार | ने पी ताव में उन्नत कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा केंद्र (एसीएआरई) की स्थापना | पूर्ण। |
| 25. | म्यांमार | त्रिपक्षीय राजमार्ग, म्यांमार के कलेवा-यार्गी सड़क खंड का निर्माण/उन्नयन | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 26. | म्यांमार | म्यांमार में त्रिपक्षीय राजमार्ग के तामू-क्यिगोन-कलेवा (टीकेके) खंड पर पहुंच सड़कों सहित 69 पुलों का निर्माण | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 27. | श्रीलंका | भारतीय आवास परियोजना चरण- III और IV | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 28. | श्रीलंका | जाफना सांस्कृतिक केंद्र | पूर्ण। |

**अनुबंध - IV**

## निधि उपयोग संबंधी विवरण (करोड़ रुपए में)

| | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | | 2024-25 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| देशों को सहायता | आवंटित | जारी किया | आवंटित | जारी किया | आवंटित | जारी किया | आवंटित | जारी किया | आवंटित | जारी किया |
| नेपाल | 880 | 879.10 | 550 | 446.42 | 425 | 434.27 | 650 | 657.38 | 700 | 701.62 |
| भूटान | 1650.96 | 1558.52 | 1274.64 | 1646.56 | 1779.28 | 1763.1 | 722.3 | 720.1 | 1673.7 | 1675.4 |
| म्यांमार | 350 | 347.05 | 600 | 598.25 | 500 | 454.62 | 355 | 352.96 | 410 | 410.82 |
| मालदीव | 159.28 | 160.19 | 260 | 246.09 | 400 | 183.16 | 770.90 | 832.83 | 480 | 480.26 |
| अफ़्रीकी देश | 225 | 226.27 | 200 | 141.91 | 160 | 153.31 | 180 | 184.71 | 200 | 201.82 |
| यूरेशियाई देश | 45 | 45.42 | 100 | 83.95 | 65 | 54.75 | 28.69 | 28.75 | 24 | 24.13 |
| अफ़ग़ानिस्तान | 350 | 348.82 | 200 | 166.36 | 350 | 279.37 | 220 | 207.26 | 44 | 42.43 |
| मॉरीशस | 650 | 652.07 | 900 | 839.15 | 575 | 568.08 | 345 | 358.87 | 576 | 580.10 |
| बांग्लादेश | 176 | 177.97 | 300 | 219.53 | 170 | 133.88 | 145 | 152.09 | 59.55 | 59.15 |
| भारत-प्रशांत सहयोग | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 51.45 | 0 |
| मंगोलिया | 0.58 | 0.48 | 2 | 0 | 2.50 | 0 | 4 | 3.45 | 8.25 | 8.30 |
| श्रीलंका | 75 | 44.8 | 50 | 48.55 | 75 | 126.04 | 100 | 119.37 | 315 | 317.41 |
| अन्य विकासशील देश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 83 | 77.91 |
| एलएसी देश | 22 | 11.77 | 55 | 37.69 | 7 | 2.79 | 50 | 51.13 | 90 | 91.60 |
| सेशल्स | 90 | 90.28 | 20 | 18.46 | 6.45 | 6.05 | 5.50 | 6.18 | 30 | 28.83 |
| क्वाड सहयोग | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1.40 | 0 |
| तकनीकी अवसंरचना परियोजनाएँ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2.50 | 2.46 |
| कुल | **4673.82** | **4542.74** | **4511.64** | **4492.92** | **4515.23** | **4159.42** | **3576.39** | **3675.08** | **4748.85** | **4702.24** |

*****